ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्ष: 3 अंक : 188

मेरठ, गुरूवार, 9 मई 2024

(पृष्ठ: 6)

मूल्य: 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'

प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



छात्रों को भविष्य की तैयारियों के लिए किया प्रेरित .. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी.. 6

## एक नजर..

### हत्या के प्रयास का आरोपी पहलवान गिरफ्तार



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में राज्य स्तरीय एक पहलवान को हत्या के प्रयास के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सुमित के रूप में की है जो कुश्ती में राज्य स्तर पर दो बार स्वर्ण पदक विजेता रहा है। पुलिस उपायुक्त ने कहा, 'सुमित ने अपने चार साथियों- सागर, निखिल, देव और अंकित के साथ 21 अप्रैल को विष्णु की हत्या की कोशिश की थी।' पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सागर ने एक लड़की के लेकर शत्रुता के चलते विष्णु पर कथित तौर पर गोली चलाई, लेकिन गोली विष्णु को नहीं लगी। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गये। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुमित मुकरबा चौक बस स्टैंड से एक बस से दिल्ली से हरियाणा भागने की कोशिश में है। पुलिस ने वहां पहुंचकर छापेमारी की तथा सुमित को गिरफ्तार कर लिया।

### एयर इंडिया की 80 से अधिक उड़ानें रद्द, यात्री परेशान



नयी दिल्ली (एजेंसी)। टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस को कर्मियों की कमी की वजह से 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी हुई। इसके चलते देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे रहे। समस्या मंगलवार रात से शुरू हुई। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एयरलाइन के कथित कुप्रबंधन के खिलाफविरोध प्रदर्शन के तौर पर चालक दल के 200 से अधिक वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है।

### एस्ट्राजेनेका ने वापस मंगाये कोविड टीके



नयी दिल्ली/ लंदन, (एजेंसी)। ब्रिटेन की प्रमुख दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

कंपनी ने कुछ दिन पहले स्वीकार किया था कि दुर्लभ मामलों में उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके विकसित करने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की थी। इन टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया के नाम से बेचा गया था। यूरोपीय संघ की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है।

## भाषणों में कल्पना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे पीएमः प्रियंका



रायबरेली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि देश के लोग बदलाव चाहते हैं और वे 'झूठ' से तंग आ चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले कुछ समय से अपने भाषणों में अपनी कल्पना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं, वह तथ्यों के आधार पर नहीं बोल रहे।

प्रियंका की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के इस दावे के एक दिन बाद आई है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट देगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली क्षेत्र में प्रचार अभियान के दौरान एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की परेशानी के मुद्दों पर बोलने की चुनौती दी। प्रियंका ने लोगों को आगाह किया कि भाजपा का इरादा संविधान को बदलने का है और वह कुछ पूंजीपतियों के लाभ के लिए काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि यह कांग्रेस ही थी जिसने हमेशा लोगों और देश की संपत्ति की रक्षा की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की संपत्ति सांठगांठ वाले पूंजीपतियों को सौंप रही है।

## एक तरफ रक्षक है तो दूसरी तरफ भक्षकः अखिलेश



शाहजहांपुर (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ उसके भक्षक। यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के अभी तक हुए तीन चरणों में जनता ने सपा और इंडिया गठबंधन को जोरदार समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण से भाजपा के खिलाफजो हवा चली थी उसने इस पार्टी को पलट दिया और जो 'झूठ के शहंशाह' हैं, उनके खिलाफ मतदान करकृकरके उनका सफाया करने का काम किया। यादव ने कहा कि जनता के लिए अब भाजपा से हिसाब करने का वक्त आ गया है। पिछले 10 साल का हिसाब-किताब निकालें तो भाजपा के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी। चाहे वह किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात हो, हर साल दो करोड़ रोजगार देने की बात हो या फिर महंगाई कम करने की बात हो।

## ईवीएम में छेड़छाड़ को मांगे 2.5 करोड़, सेना का जवान गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे पैसे मांगे। आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस के एक दल को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते वक्त रंगे हाथ पकड़ लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 511 (अपराध करने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में पाथर्डी का रहने वाला है और वह जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में तैनात था।




**वोटिंग बढ़ाने के लिए किन्नर समाज का सहारा**

शाहजहांपुर (एजेंसी) रू उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के शुरुआती तीन चरणों में कम मतदान प्रतिशत के बीच शाहजहांपुर में मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अब किन्नरों की भी सहायता लेने की पहल की गई है। इस पहल के तहत किन्नर विभिन्न मांगलिक अवसरों पर मंगल गीत गाने के दौरान मतदाताओं से सही समय पर पहुंचकर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने बुधवार को बताया कि उन्होंने पिछले दिनों किन्नर समाज के साथ एक बैठक में अपील की थी कि भारत के नागरिक होने के नाते वह खुद तो मतदान करें ही, साथ ही साथ विभिन्न अवसरों पर जहां भी मंगल गीत और बधाई गाने के लिए जाएं, तो वहां भी लोगों को समय से मतदान करने के लिए प्रेरित करें। किन्नर समाज की स्थानीय नेता काजल ने बताया, 'बधाई गीत गाना हमारा पेशा है लेकिन देश के प्रति भी हमारा कुछ कर्तव्य बनता है। इसी के तहत हम मांगलिक अवसरों पर लोगों से मतदान की खास तौर पर अपील कर रहे हैं।'

## दिल्ली में भाजपा के मनोज तिवारी सबसे अमीर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के प्रमुख उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनोज तिवारी सबसे अमीर हैं। 53 वर्षीय तिवारी के पास कुल 28.05 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी 21.08 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। साल 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार 71 वर्षीय बिधूड़ी की वार्षिक आय 14.93 लाख रुपये है। तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) के महाबल मिश्रा (69) हैं। उन्होंने 19.93 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने वाली वकील बांसुरी स्वराज (40) कुल 19 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही स्वराज के पास दो एक मर्सिडीज बेंज सहित दो कारें हैं। उनके पास हरियाणा के पलवल में 99.34 लाख रुपये मूल्य की संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं। इनमें दो जंतर-मंतर पर और एक हेली रोड पर है। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई है।



आय और संपत्ति के मामले में स्वराज के बाद आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता राज कुमार आनंद हैं। आनंद के पास 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वे अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के पास 10.65 लाख रुपये की संपत्ति है। उन्होंने 2019 में जेएनयू से पीएचडी की है।


**अमेठी राहुल और प्रियंका की अमानत : शर्मा**

अमेठी। अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि अमेठी राहुल और प्रियंका गांधी की अमानत है और मेरे पास धरोहर के रूप में है, जब भी परिवार का आदेश होगा, वापस कर दूंगा। शर्मा आज अमेठी में मुसाफिरखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे । कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा, 'मैं गांधी परिवार का सेवक हूं, अमेठी का सेवक हूं, और सेवक ही रहूंगा। परिवार का आदेश हुआ, मैं आप सबके बीच में चुनाव लड़ रहा हूं लेकिन मैं आज भी अपने को सेवक ही समझता हूं।' उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है और पिछले पांच सालों में अमेठी को बहुत नुकसान झेलना पड़ा है।

**मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पदों से हटाया**

लखनऊ। बसपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार रात अपने भतीजे आकाश आनंद को अपने उत्तराधिकारी और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किये संदेश में कहा कि 'बसपा एक पार्टी के साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान, स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी आंदोलन है जिसके लिए मान्यवर श्री कांशीराम जी व खुद मैंने भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है।' सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा, 'इसी क्रम में पार्टी में अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही, श्री आकाश आनन्द को राष्ट्रीय समन्वयक व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, किन्तु पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।'

**झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करें: सोनिया**



नयी दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए 'अधिक समान और उज्ज्वल' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश के समक्ष चुनौतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की 'नीयत और नीति' से उपजी हैं, जिनका लक्ष्य समावेशिता और संवाद को खारिज करते हुए सत्ता हासिल करना है। उन्होंने कहा, 'आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं।'

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आदेश कल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट 10 मई को आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफकेजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, 'हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे।



गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।' जस्टिस खन्ना बुधवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी के साथ एक अलग पीठ में बैठे थे।

**सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी**

दिल्ली की एक अदालत ने आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 21 मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए जाने के बाद सिसोदिया की हिरासत बढ़ा दी।

**मोदी का राहुल पर वार**

## शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया!

हैदराबाद (एजेंसी)। गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी सहित देश के कुछ शीर्ष उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हीं व्यवसायियों का नाम लेकर घेरा है। मोदी ने कहा कि पिछले पांच साल से अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने चुनाव घोषित होते ही उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया।



वेमुलावाड़ा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'जरा ये शहजादे घोषित करें कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपये मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। इसका जवाब देना पड़ेगा देश को।'

## दिल्ली के आरएमएल अस्पताल के दो डॉक्टर गिरफ्तार

**घूसखोरी मामले में सीबीआई की कार्रवाई, सात अन्य भी धरे गए**

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में बुधवार को एक बड़े घूसखोरी का भंडाफोड़ करते हुए दो वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वत गौड़ा चन्नप्पागौड़ा को चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं से उनके उत्पादों और स्टेंट का उपयोग करने के एवज में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने नागपाल टेक्नोलॉजीज के चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता नरेश नागपाल को गिरफ्तार किया है, जिसने चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए पर्वतगौड़ा को 2.48 लाख रुपये का भुगतान किया था। उन्होंने दावा किया कि भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल जिन्होंने यूपीआई का उपयोग करके अजय राज को दो बार रिश्वत दी, और अबरार अहमद जिन्होंने अस्पताल में 'कैथ लैब' प्रभारी रजनीश कुमार को रिश्वत दी। उन्होंने बताया कि रजनीश कुमार के साथ-साथ लिपिक भुवल जायसवाल, संजय कुमार और विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने आरोप लगाया कि भुवल जायसवाल ने चिकित्सकों से मुलाकात कराने के लिए रिश्वत ली, जबकि संजय कुमार ने फर्जी चिकित्सा प्रमाणपत्रों के लिए रिश्वत ली। हाल के दिनों में चिकित्सकों और चिकित्सा उपरकणों के आपूर्तिकर्ताओं के बीच सांठगांठ के खिलाफयह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। सीबीआई ने पिछले साल सफ्दरजंग अस्पताल के न्यूरोसर्जन मनीष रावत को चिकित्सा उपरकणों के आपूर्तिकर्ताओं से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## संगरूर से अरविंद खन्ना, फिरोजपुर से राणा सोढी भाजपा प्रत्याशी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने पंजाब लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को तीन उम्मीदवारों की 19वीं सूची जारी की। संगरूर से अरविंद खन्ना, फिरोजपुर से राणा गुरमीत सोढी और आनंदपुर साहिब से सुभाष शर्मा को मैदान में उतारा गया है।



अरविंद खन्ना राणा गुरमीत सोढी सुभाष शर्मा

अरविंद खन्ना 2002 से 2007 तक संगरूर और 2012 से 2014 तक धुरी से पंजाब विधानसभा के कांग्रेस सदस्य थे। उन्होंने मई 2014 में धुरी के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था और 2015 में कांग्रेस छोड़ दी थी। वहीं, भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राणा गुरमीत सिंह सोढी पूर्व कांग्रेस नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री रहे हैं। वह 2002, 2007, 2012 और 2017 में फिरोजपुर के गुरु हर सहाय से विधायक चुने गये और पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक भी रहे। सितंबर 2021 में कैप्टन अमरेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री बनने के बाद सोढी को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। दिसंबर 2021 में वह भाजपा में शामिल हुए।

पंजाब भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य इकबाल लालपुरा और उनके बेटे को पीछे छोड़ दिया।

**पार्टी ने बयान की निंदा की, भाजपा ने घेरा**

## नस्लीय टिप्पणी पर तूफान के बाद पित्रोदा ने कांग्रेस छोड़ी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विवादास्पद दूरसंचार उद्यमी सैम पित्रोदा ने भारतीयों के रंग-रूप पर अपनी एक टिप्पणी को लेकर उठे सियासी तूफान के बाद बुधवार को कांग्रेस छोड़ दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके विचारों को 'घृणित' बताया। भाजपा ने टिप्पणियों को नस्लीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। वहीं, कांग्रेस ने पित्रोदा की टिप्पणियों से खुद को अलग करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका निर्णय स्वीकार कर लिया है।'



अमेरिका में रहने वाले 82 वर्षीय पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में भारत की विविधता पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'भारत के पूर्व में लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे, दक्षिण भारत में अफ्रीकियों जैसे और उत्तर में गोरों जैसे लगते हैं।' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं। भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, 'सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।'

इससे पहले पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुनरू वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया था।

## एक नजर..

## सात दिवसीय समर कैंप हुआ शुरू




युरेशिया संवाददाता

बिनौली। प्राथमिक विद्यालय बिनौली नं. एक में बुधवार को सात दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ। जिसमे बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

प्रधानाध्यापक कविता सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बच्चों की प्रतिभा निखारने एवं नामांकन में वृद्धि हेतु समर कैंप के आयोजन की यह पहल की गई है। जिससे बच्चों को नए अवसर तलाशने नए वातावरण में समय बिताने और नई चीजों को आजमाने का मौका मिलेगा तथा उनके आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका है। इस दौरान ग्रुप बनाकर गतिविधियां कराई गई। बच्चों की सुलेख व डांस प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा पांच की संध्या प्रथम, अंशिका द्वितीय व साक्षी तृतीय रही। कक्षा चार से देवी प्रथम, अनन्या द्वितीय व आरती तृतीय रही। कक्षा तीन से पारस प्रथम, इकरा व बतूल द्वितीय व करुणा तृतीय रही। आयोजन में प्रधानाध्यापक कविता सिंह, रेनू पंवार, विनय कुमार, मीनू, ममता, रचना, संगीता, दिव्या आदि का सहयोग रहा।

## एएसपी ने दिए लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश



युरेशिया संवाददाता

बिनौली। एएसपी एनपी सिंह ने मंगलवार देर रात बिनौली थाने पहुंचकर अर्दली रूम का निरीक्षण किया। जिसमे उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के सख्त निर्देशदिए। इस दौरान एएसपी एनपी सिंह ने कार्यालय, बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना आदि का निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर, जीडी, शिकायत रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए। उन्होंने इंस्पेक्टर एमपी सिंह को रात्रि गश्त तेज करने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के भी निर्देश दिए। इस दौरान इंस्पेक्टर( अपराध) ओमप्रकाश सिंह, एसआई दिव्य चौधरी, विजय सिंह, धीरज सिंह, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

## संगठित परिवार वास्तविक विकास होता है- रवि शास्त्री



नीलकंठ / युरेशिया

बड़ौत। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने जून माह में लगने वाले योग एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर के लिए जन संपर्क करते हुए मॉडर्न एजुकेशन एकेडमी नांगल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा संगठित शांति के साथ परिवार की एकता ही वास्तविक विकास होता है। व्यक्ति जो भी कुछ करता है, वह सुख प्राप्ति एवं दुख निवृत्ति के लिए करता है। इसके लिए विकास करना आवश्यक है। विकास करते हुए सुख प्राप्ति करें ,इसका आधार संगठन है। परिवार में वास्तविक विकास तभी कहलाता है, जब परिवार के सदस्य एक घर में रहते हो, आपस में सुख-दुख बांटते हो, एक दूसरे की समस्याओं को समझते हो, उन्हें बैठकर आपस में सुलझाते हो, ऐसे परिवार में संगठन ,शांति, आनंद, उत्साह होता है। उन्होंने आर्यन पब्लिक स्कूल ककोर , आदर्श वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज नगला सिनोली, एम एजुकेशन पब्लिक स्कूल छपरौली, विजडम पब्लिक स्कूल, जनविजय इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि में जनसंपर्क किया गया इस अवसर पर प्रबंधक मोहन कुमार, योगेंद्र सरोहा , डॉ नीलम तोमर, जितेंद्र आर्य, हरेंद्र आर्य, सुनील आर्य, डॉ राम सिंह, विपिन राणाआदि उपस्थित रहे।

## रविन्द्र मलिक बने भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष



युरेशिया संवाददाता

शामली। बुधवार को भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रविन्द्र मलिक को अध्यक्ष, रोकी सिन्हा को सचिव व विश्वास चौहान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में विकास धीमान, सलेकचंद, कंवरपाल सिंह, सुभाष चंद, रमेश कश्यप, विनोद शर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने शाखा में पालिसीधारकों को होने वाली परेशानियों को दूर करने का भरोसा दिलाते हुए अभिकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लडने की अपील की। इस अवसर पर सत्तार अली, राजेश, धनंजय शर्मा, विकेश राणा, रामप्रसाद, देवेन्द्र, नीरज पंवार, जितेन्द्र, महमूद अली आदि भी मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी ने निकाली दबंग की हेकड़ी

### पीड़ित किसानों की समस्या का मिनटों में हुआ समाधान।



नीलकंठ/युरेशिया

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के तेड़ा गांव में एक दबंग किसान ने सरकारी नाली पर कब्जा कर अपने खेत में मिला लिया, जिससे किसानों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। किसानों की शिकायत पर एसडीएम ने तुरंत कुछ ही घंटो में नाली को कब्जामुक्त कराकर किसानों को राहत दी।

दरअसल, गांव में आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज से कुछ ही दूरी पर एक दबंग किसान ने करीब सौ मीटर सरकारी चकरोड का कुछ हिस्सा व सरकारी नाली को ध्वस्त कर अपने खेत में मिला लिया था और उसने गन्ने की फसल भी बो दी थी। कुछ किसानों ने इसका विरोध भी किया लेकिन उसने नाली को कब्जामुक्त नही किया। इसके बाद कुछ किसानों ने उपजिलाधिकारी अमरचंद वर्मा को फोन पर इसकी सूचना दी और समस्या का निराकरण कराने का निवेदन किया। एसडीएम ने भी शिकायत को तुरंत गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई को अमली जामा पहनाते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों को मौके पर भेजा। एसडीएम अमरचन्द वर्मा के निर्देश पर लेखपाल संजय कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सरकारी नाली का कुछ हिस्सा किसान से कब्जा मुक्त कराया। व बाकी नाली को भी बहुत जल्द ही कब्जामुक्त करने का आश्वासन लेखपाल संजय कुमार को दिया। एसडीएम बड़ौत की इस कार्रवाई से गांव के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। और अमरचंद वर्मा की भूरी भूरी प्रशंसा की। गांव के किसानों का कहना है कि अगर अमरचंद वर्मा जैसे अधिकारी हो तो क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी अमरचंद वर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो उनको तुरंत फोन से भी अवगत कराया जा सकता है, वे जन समस्या का तुरंत निवारण कराने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही शेष चकरोड़ व नाली को भी पूर्ण रूप से कब्जामुक्त कराया जाएगा।

## गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में हुआ गेटवे कैबिनेट का गठन




विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में गेटवे कैबिनेट का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं में से 31 छात्रों का चयन किया गया तथा इन छात्रों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसका कार्य विद्यालय में विभिन्न विभागों के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराना है।

इसके अंतर्गत हैड बॉय का पदभार वंश चौहान को दिया गया तथा हैड का पदभार दिव्यांशी दीप को सौंपा गया। साथ ही डिप्यूटी हैड बॉय व डिप्यूटी हैड गर्ल के पद पर क्रमश इशांत शर्मा तथा अविका व्यास का चयन किया गया। कलचर्ल एक्टिविटी इंचार्ज के पद पर दृष्टि तथा डिस्पिलिन इंचार्ज के रूप में आयुषी ने पद संभाला। विद्यालय के स्पोटर्स कैप्टन का पद रोहन चौहान को मिला तथा इसके अतिरिक्त विद्यालय के चारों सदनों अरावली, हिमालया, हिमाद्री और शिवालिक सदन के हाउस कैप्टन के रूप में मानसी, अंशिका, रूद्र, परी का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त कशिश पांचाल, वंशिका शर्मा, रिधिमा, शताक्षी, आयूषी, खुशी, सोफिया, ईशिका, नेहा, जिया, नमन वर्मा, शुभम आदि को भी विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित चौहान ने कहा कि कैबिनेट गठन का उद्देश्य बच्चों को भावी जिम्मेदार नागरिक बनाना है, ताकि इनके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता उत्पन्न हो तथा ये भविष्य में किसी भी विभाग में पूरे उत्साह तथा सक्षमता के साथ कार्य कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय कोर्डिनेटर प्रतिभाराज ने बच्चों को अपने कार्य को जिम्मेदारीपूर्वक करने की शपथ ग्रहण कराई तथा सभी बच्चों को विभिन्न पदों के बैज के साथ सुशोभित किया गया। इस अवसर पर संजय शर्मा, अजय राणा, सवेरा, मनीषा, मनोरमा, वैशाली, रूची डबास, चकसू, सूरज, आनंद आदि मौजूद रहें।

## रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं - डॉक्टर एस के चौधरी

### रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रोगियों को किये फल वितरित,13 रक्तदानियों ने किया रक्तदान।




युरेशिया संवाददाता

बागपत। विश्व रेडक्रॉस दिवस के पावन अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में टाटा मोटर्स दिल्ली रोड काटा बागपत में जिला संयुक्त अस्पताल बागपत के रक्त बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला संयुक्त अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर एस के चौधरी डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शिविर के मुख्य संयोजक जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की शिविर में टाटा मोटर्स के डायरेक्टर नीरज कपूर के आह्वान पर 13 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट एवं उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एम एम भदोरिया ने कहा कि सभी गर्मी के मौसम में लू से बचाव करें। सर पर कपड़ा रखकर निकले। अधिक से अधिक नींबू पानी का प्रयोग करें डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी ने कहा रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। जिलाधिकारी बागपत जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी जिले वासियों को रेड क्रॉस दिवस की बधाई दी और सेवा कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर को सफल बनाने में केएल भारती, श्रीमती प्रीति वर्मा, योगेश, अमित, नए सहयोग किया रेड क्रॉस दिवस पर लायस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में नेत्र रोगियों को फल वितरित किए गए।

## गर्मी ने बिलबिलाया, बढता जा रहा है तापमान

### सिर व मुंह को ढककर बाहर निकल रहे लोग, नहीं मिल रही राहत



युरेशिया संवाददाता

शामली। गर्मी का पारा लगातार बढता जा रहा है जिससे आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। गर्मी के चलते लोग बुरी तरह बेहाल नजर आ रहे हैं। लोगों को सिर व मुंह को ढककर घरों से बाहर निकलना पड रहा है लेकिन राहत नहीं मिल रही है। गर्मी धीरे-धीरे अब अपने शबाब पर आती जा रही है, तापमान में भी तेजी से बढोत्तरी होने के कारण आम जनजीवन भी बेहाल नजर आ रहा है। दिनों दिन बढ रही गर्मी का असर लोगों पर साफनजर आ रहा है। लोग घरों से बाहर निकलने से भी परहेज कर रहे हैं, चिलचिलाती धूप लोगों का पसीना निकाल रही है जिसके चलते लोग सिर व मुंह को ढककर जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का आलम यह है कि सुबह से ही उमस व गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है, दोपहर के समय चिलचिलाती धूप से हर कोई बेहाल नजर आ रहा है। मुख्य बाजारों व सडकों पर सभी सन्नाटा सा पसरा रहता है, दुकानदार भी दोपहर के समय खाली हाथ बैठे रहते हैं, शाम के समय ही ग्राहक सामानों की खरीददारी के लिए निकल रहे हैं। मंगलवार को भी गर्मी ने लोगों को परेशान किए रखा। लोगों का कहना है कि आगामी दिनों में गर्मी का कहर और ज्यादा बढेगा।

## तीन इंटर कालेजों के निरीक्षण को पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक

### मात्र खानापूर्ति कर वापस लौटे, एक कालेज में मिली खामियां दूर करने के दिए निर्देश



युरेशिया संवाददाता

थानाभवन। बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कस्बे के तीन इंटर कॉलेज में निरीक्षण के लिए पहुंचे लेकिन मात्र खाना पूर्ति कर वापस लौट गये जबकि एक कॉलेज में कुछ खामियों को देखकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक जे.एस.शाक्य बुधवार के दिन विद्यालयों के निरीक्षण के लिए कस्बा थानाभवन में स्थित किसान इंटर कॉलेज में पहुंचे थे। जहां उन्होंने कक्षा 6 और कक्षा 9 के बच्चों के चल रहे टेस्ट को लेकर बच्चों से बातचीत की और निरीक्षण किया। अंग्रेजी हिंदी और विज्ञान विषय के अध्यापकों से भी बातचीत कर पढ़ाई के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं कस्बे के ही लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज एवं लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज में भी जिला विद्यालय निरीक्षक पहुंचे। जहां उन्होंने मात्र कुछ देर में ही कागजी खाना पूर्ति कर ली। कागजी खानापूर्तिकर जिला विद्यालय निरीक्षक वापस लौट गये। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से किसान इंटर कॉलेज में प्रबंधक समिति के द्वारा विद्यालय में भारी फर्जी वाडे की शिकायत को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कागजी खानापूर्ति कर शिकायतकर्ताओं की शिकायत की इति श्री कर दी। साधारण सभा के कई सदस्यों ने विद्यालय में भारी फर्जीवाड़ा एवं धोखाधड़ी से कुछ नए सदस्य बनाने का आरोप लगाया था जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री, मंडल आयुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला अधिकारी को की गई थी। जिस पर खानापूर्ति के जवाब के बाद शिकायतकर्ताओं ने असंतुष्टि जाहिर की। जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा कॉलेज के निरीक्षण को लेकर खानापूर्ति करना उत्तर प्रदेश सरकार के बेहतर शिक्षा अभियान को भी पलीता लगता नजर आ रहा हैं। जब उनसे विद्यालयों के निरीक्षण के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि रूटीन निरीक्षण किया गया है कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

## सीडीओ ने किया ग्राम पंचायत नाला का औचक निरीक्षण



### प्राइमरी पाठशाला के निरीक्षण को पहुंचे सीडीओ, छात्रों से निबंध पढवाया आंगनवाडी केन्द्र, तालाब व गौशाला का भी सीडीओ ने किया निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता

शामली। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने बुधवार को कांधला की ग्राम पंचायत नाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने प्राइमरी विद्यालय 1 भी पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं से पढवाकर भी देखा। आंगनवाडी केन्द्र के निरीक्षण में 19 के सापेक्ष 10 बच्चे ही मौजूद मिले। जानकारी के अनुसार बुधवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने गांव नाला स्थित प्राइमरी विद्यालय नंबर 1 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका साईस्ता परवीन स्कूल में मिली। विद्यालय में 108 छात्र पंजीकृत हैं जिनमें से 81 ही स्कूल में उपस्थित मिले। सीडीओ ने कक्षा 3 के छात्र कन्हैया कुमार से ब्लैक बोर्ड पर निबंध पढवाकर देखा। इसके अलावा विद्यालय परिसर में चार आंगनवाडी केन्द्र संचालित हैं। सीडीओ ने आंगनवाडी केन्द्र 3 का निरीक्षण किया जिसमें आंगनवाडी कार्यकत्री मंजू ने बताया कि उनके केन्द्र पर 19 बच्चे पंजीकृत हैं जिनमें से 10 बच्चे उपस्थित हैं। इसके बाद सीडीओ ने पंचायत घर का भी निरीक्षण किया। पंचायत सहायक रवि कुमार मौजूद मिले। इसके बाद सीडीओ ने मंदिर के निकट स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का पानी ओवरफ्लो होने के कारण कभी-कभी समस्या पैदा हो जाती है जिस पर सीडीओ ने तालाब खुदाई एवं नाला सफाई सचिव को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद सीडीओ ने राजकीय पशु चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा प्रभारी चिकित्सक को दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने गांव स्थित अस्थायी गौशाला का भी निरीक्षण किया। सीडीओ को बताया गया कि गौशाला में 107 गौवंश पंजीकृत हैं जिनमें से 75 नर व 32 मादा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर 150 कुंतल भूसा स्टोर में मिला। सीडीओ ने एक अतिरिक्त टीनेशेड निर्माण व वृक्षारोपण अभियान के तहत 500 पेड लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ संदीप कुमार, सचिव बबलू कुमार, ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## सात छात्राओं ने दाखिल किए प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन पत्र



### सरस्वती बालिका इंटर कालेज में छात्र सांसद कन्या भारती के गठन की तैयारियां आज सुबह घोषित किए जाएंगे चुनाव परिणाम

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र सांसद कन्या भारती के गठन हेतु चल रहे अभियान के तहत सात छात्राओं ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जिसके बाद चुनाव कराया गया। गुरुवार की सुबह चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र सांसद कन्या भारती के गठन के लिए एक सप्ताह से प्रचार प्रसार चल रहा था। सात छात्राओं ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। बुधवार की सुबह प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव भी कराया गया जिसमें सभी छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने व मतगणना के बाद गुरुवार की सुबह चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। उप प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने छात्राओं को रेडक्रास दिवस की बधाई देते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया से अवगत कराना व जीवन में एक अच्छे नेता का चयन करने योग्य बनाना है। इस मौके पर संदीप कुमार, कविता गुप्ता, अनिता मलिक, अमित, रवि, सुरभि मित्र, दिव्या शर्मा, मोहित शर्मा, विकास, कपिल वशिष्ठ, उपासना बंसल, वंदना पुंडीर, आकांक्षा धीमन, राहुल गिरी, पंकज बंसल, धर्मेन्द्र, नीलम पाल, गीता कांबोज आदि भी मौजूद रहे।

## अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन

### राधा माधव सेवा परिवार के भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने लिया भाग



युरेशिया संवाददाता

शामली। अमावस्या के अवसर पर श्री राधा माधव सेवा परिवार द्वारा बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को अमावस्या के अवसर पर श्री राधा माधव सेवा परिवार द्वारा धीमानपुरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. राजेन्द्र गोयल, डा. राजेन्द्र स्वामी व लायंस क्लब शामली क्राउन के अध्यक्ष वैभव प्रकाश गोयल ने संयुक्त रूप से किया। डा. राजेंद्र गोयल ने कहा कि भूखे को भोजन कराना इस पृथ्वी पर परमात्मा की सच्ची सेवा है, इस पृथ्वी पर मानव जीवन मिलना बड़े ही सौभाग्य की बात है। मनुष्य को पुण्य कर्म करके अपने इस जीवन को सार्थक अवश्य करना चाहिए इस भंडारे का आयोजन लाला मदनलाल खंन्द्रावली, शिवकुमार मित्तल, गौरव कालरा, सुभाष शर्मा, मुकेश वर्मा, अनुपम लाठियान जसकरण सिंह, पवन नैन ,कुलदीप विश्वकर्मा जतिन बालियान, मनीष गोयल के सहयोग से हुआ। भंडारे के संयोजक सुभाष चंद्र शर्मा जी ने बताया कि प्रत्येक अमावस्या को भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डा. अर्जुन वर्मा, पवन गोयल, गौरव गोयल, विजय संगल,कमलकांत धीमान, विनीत पांचाल, परीक्षित जांगिड, अजय विश्वकर्मा, अमर गोयल, विनोद गर्ग, आयुष्मान संगल, डा. राजकुमार वर्मा, सत्यप्रकाश अग्रवाल, महीपाल शर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## एक नजर..

## आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को आग बुझाने के टिप्स दिए गए

परवीन खानम/युरेशिया



अंबेहटा। नगर के नकुड रोड स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओ को आग पर काबू पाने व आग बुझाने का टिप्स दिए गए। बुधवार आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यशाला के अंतर्गत फायर स्टेशन सरसावा के प्रभारी विनय धनगढ़ ने अग्निशमन संबंधी जानकारी व जागरूक करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराएं नहीं, भगदड़ नहीं मचाए बल्कि इससे निपटने के तरीके को अपनाए ।गर्मियों के मौसम में आग की घटनाएं अधिक होती हैं ।उन्होंने बच्चों को आग के प्रकार तथा उसे बुझाने के तरीके भी बताएं ।बच्चों से प्रैक्टिकल के तौर पर एलपीजी सिलेंडर में लगी आग को भुझवाया गया ।प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार की जानकारी हम सबके लिए उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है, हमें आगे से निपटने के लिए इन सभी तरीकों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर अग्नि शमन फायर ब्रिगेड से आए फायरमैन तूलाराम सागर ,अंकित चौहान, अक्षय सिंघल,आकाश सिंघल,महक सिंह,अंकुर वर्मा, अमरीश शर्मा, अजय कुमार,नीरू सिंह, श्रीमती पल्लवी जैन,पारुल पवार, अनीता त्यागी आदि मौजूद रहे।

## श्री खाटू नरेश चौरिटेबल ट्रस्ट की मासिक बैठक में चलाया सदस्यता अभियान

अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। श्री खाटू नरेश चौरिटेबल ट्रस्ट की मासिक बैठक में सदस्यता अभियान चलाकर ट्रस्ट में सदस्यो को जोडने पर बल दिया गया ओर बैठक में सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष पद पर सतीश रोहिला को नियुक्त किया गया।

मंगलवार को नगर के गंगोह रोड स्थित श्री खाटू नरेश चौरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय पर आयोजित बैठक में सर्वप्रथम ट्रस्ट के सदस्यो ने श्री खाटूश्याम के चित्र पर ज्योत प्रवज्जलित की और मालाअर्पण किया। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के पद पर सतीश रोहिला को नियुक्त किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उदेश्य समाज के लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है और निर्धन परिवार की युवतीयो को निशल्क शिक्षा दिलाना है। उन्होने कहा कि धर्म के प्रचार प्रसार के लिये प्रत्येक माह धार्मिक स्थलो की यात्राए कराकर लोगो को धर्म के प्रति जागरूक करना है। बैठक में ट्रस्ट में सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यो को जोडने का आहवाहन किया गया। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष सतीश रोहिला को ट्रस्ट संरक्षक कंवरपाल प्रजापति ने पद की शपथ दिलायी ओर कहा कि किसी भी संस्था को आगे बढाने में तीन पद अहम होते है जिसमें अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पर ही सम्पूर्ण जिम्मेवारी होती है। कोषाध्यक्ष सतीश रोहिला ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ के प्रति ग्रामीणो को जागरूक करना व पर्यावरण, जल ही जीवन के तहत लोगो को जागरूक करने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सचिव शिवकुमार वशिष्ठ, राजीव धीमान, ब्रहमपाल शर्मा, धर्मपाल प्रजापति, बबलू प्रजापति, रविन्द्र सिंह, विकास पाल, भूरा धनगर, ईश्वर कुमार, सोनू सैनी, पिंकल सिंह, कृष्णपाल, तेजेन्द्र धीमान आदि मौजूद रहे।

## कस्बे में फैला अवैध अस्पतालों का मकड़ जाल

मनोज कांबोज/युरेशिया



बिहारीगढ़। दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित कस्बा बिहारीगढ़ के अंतर्गत दर्जनों अस्पताल खुले हुए हैं। जिनमें से कुछ ही अस्पताल विभाग द्वारा गाइडलाइन के अनुसार कार्य कर रहे हैं लेकिन अधिकतर अस्पताल फर्जी रूप से चल रहे हैं जिनका स्वास्थ्य विभाग के पास कोई भी रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं है। इन हॉस्पिटलों के अंदर अप्रशिक्षित डॉक्टर कार्य कर रहे हैं जो क्षेत्र के लोगों को लूटने का कार्य कर रहे हैं। जानकारी जुटाने पर पता चला कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमो कर्म पर यह हॉस्पिटल कस्बे में संचालित है। कस्बे में संचालित यह हॉस्पिटल प्रतिदिन क्षेत्र के लोगों को लूट रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग मुख दर्शक बना हुआ है। पहले भी कई बार इन हॉस्पिटलों में दुर्घटनाए हो चुकी है। लेकिन किसी भी हॉस्पिटल स्वामी पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। क्या स्वास्थ्य विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। सब देखना यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग अपने कुंभकरणी नींद से जागेगा। और इन अवैध हॉस्पिटल पर किस तरह का शिकंजा कसता है।

## डॉ शाह शाहिद रशीद साबरी की पुस्तक का विमोचन

परवीन खानम/युरेशिया



अंबेहटा ।नगर में शिक्षा के क्षेत्र में जाने-माने प्रसिद्ध शख्सियत डॉक्टर शाह शाहिद रशीद साबरी की पुस्तक एनाटॉमी गाइड का विमोचन किया गया। डॉक्टर शाह शाहिद रशीद साबरी ने मेडिकल पढ़ाई के लिए कई पुस्तक लिख चुके व अलग-अलग विषयो पर दर्जनो पुस्तक लिख चुके हैं। बुधवार को डॉक्टर शाहिद ने बताया कि एनाटॉमी गाइड के विषय पर उन्होंने स्टूडेंट लाइफमें ही 1972 में पुस्तक लिखी थी। जो कि उस समय का प्रथम वजन था ।2022 में एनाटॉमी का दूसरा वर्जन उन्होंने लिखा। इसके साथी प्रसिद्ध डॉक्टर एवं लेखक डॉक्टर शाहिद ने फल सब्जियां और उनके फायदे व अज्जा नामक पुस्तक का भी विमोचन किया उन्होंने बताया कि मेडिकल विषय के ऊपर लिखी गई उनकी किताबें मेडिकल कॉलेज में भी पढ़ाई जा रही हैं। डॉ शाहिद द्वारा लिखी गई पुस्तक चिकित्सक व स्टूडेंट के लिए काफी मददगार साबित हुई है।

**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मणिकांत वत्स (सहारनपुर) | मो0: 9759178755 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| भवानी सिंह सैनी (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0: 8077518294 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |

# भीषण गर्मी में पेयजल की बूंद बूंद को तरसे भागूवाला के ग्रामीण

### करोड़ों की लागत से बनी पेयजल टंकी बनी मात्र शोपीस

### दूर-दूर से पानी ढोकर अपनी व अपने मवेशियों की प्यास बुझाने को मजबूर है ग्रामीण

### समस्या से निजात न मिली तो ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



भवानी सैनी/ युरेशिया

बेहट(सहारनपुर) भीषण गर्मी के बीच घाड़ क्षेत्र के गांव अलीपुर भागूवाला के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे है। जल निगम की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपए की लागत से गांव में बनी पेयजल टंकी मात्र शो पीस बनकर रह गई है और पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिसके चलते ग्रामीण पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या से निजात नहीं मिली तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

बता दे कि गांव अलीपुर भागूवाला में ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है लेकिन बावजूद इसके भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम की लापरवाही के चलते टंकी मात्र शोपीस बन कर रह गई है। कभी लाइन चौक रहती हैं तो कभी मोटर आदि खराब रहती है। पिछले कई माह से गांव की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिस कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि ग्रामीण कई कई किलोमीटर दूर से पानी ढोकर अपने परिवार व अपने मवेशियों की प्यास बुझाने को मजबूर हैं। पेयजल संकट के चलते कुछ लोग तो अपने मवेशियों के साथ गांव से पलायन करने तक की भी बात कह रहे हैं। ग्रामीण मनीष कुमार पाल, रामचन्द्र, जसबीर सिंह, ऋषिपाल, पप्पू राणा, महावीर राणा, लखन सिंह, कबूल सैनी, राजेश कुमार, राकेश कुमार, मदन सैनी, सोनू सैनी, संजय कुमार, कामेश्वर राणा आदि का कहना है कि इस बारे में कई बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन स्थिति आज भी जस की तस है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पेयजल संकट से निजात नहीं मिली तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

# देखते ही देखते बाइक बनी आग का गोला

### बाइक सवार दो युवकों ने कूद कर बचाई जान

मोमीन अली/युरेशिया



नागल। बुधवार को स्टेट हाईवे स्थित ओवरब्रिज पर एक बाइक में अचानक आग लग जाने से देखते ही देखते पूरी बाइक जलकर राख हो गई, बाइक सवार दो युवकों ने बाइक से कूद कर अपनी जान बचाई।

हिमाचल प्रदेश के जनपद कांगड़ा के थाना जवाली निवासी सुशील कुमार पुत्र राय सिंह उत्तर प्रदेश के बिजनौर धामपुर में एक प्राईवेट कंपनी में नौकरी करता है, बुधवार सुबह वह अपने दोस्त नरेश के साथ अपनी नई पल्सर बाइक से हिमाचल स्थित अपने घर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही वह कस्बे के ओवरब्रिज पर पहुंचा तभी उसे बाइक से धुंआ निकलने का अहसास हुआ, जिस पर वह अपने दोस्त नरेश के साथ बाइक से कूद गया। दोनों के कूदते ही बाइक से आग की लपटें निकलने लगी। जो कुछ ही क्षणों में जलकर राख हो गई।

# राजकीय महिला महाविद्यालय का एक दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न

मोमीन अली/युरेशिया



नागल। कोटा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को एक दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम यादव ने मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीते वर्ष जो छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं वें और मेहनत करें, शिक्षा जीवन की एक ऐसी चाबी है जिसके बल पर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है, क्योंकि एक शिक्षित महिला तीन घरों को रोशन करती है। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर जमकर वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राएं नेहा प्रथम, मीनू द्वितीय व शगुफ्ता तृतीया को ट्रॉफी के साथ मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्या ने विद्यालय में सर्वोच्च अनुशासित छात्रा शीतल व पायल को भी सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व में हुए राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स तथा विभागीय प्रतियोगिता के कार्यकर्मो में ऊंचा स्थान बनाने वाली छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कल्पना राव ने किया। कार्यक्रम में डॉ वर्तिका ढील्लन, डॉ संतोष, इस्तखार अली, प्रदीप कुमार, दिलशाद अली आदि रहे।

# शहर को जलभराव से मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास होगा: नगरायुक्त

### नगरायुक्त ने शहर में जल निकासी के लिए बनाये गए पम्पिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

भवानी सैनी/ युरेशिया



सहारनपुर। महानगर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए पूरे शहर का सर्वे कराया जाए और उसके हिसाब से शहर में कार्य योजना बनाकर कार्य कराया जाए। नगरायुक्त ने अधिकारियों को सर्वे के लिए प्रोफेशनल कंपनी से सम्पर्क करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान वार्ड 9 व वार्ड 26 स्थित पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों से विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या से शहर को मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे ।नगरायुक्त संजय चौहान निगम के निर्माण, स्वास्थय व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ आज दोपहर वार्ड 26 मानकमऊ उत्तरी के प्रकाशलोक पहुंचे। जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि प्रकाशलोक नाले के पास पम्प स्थापित किया गया है, वहां वार्ड 26 के अलावा वार्ड 18 का भी पानी आता है जिसे सामान्य दिनों में भी पम्प चलाकर पानी को राजबाहे में डाला जाता है। यदि पम्प न चलाया जाए तो वहां पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जेडएसओ ने बताया कि बरसात के दिनों में नाले का पानी वापिस होता है और कॉलोनी में जलभराव हो जाता है। नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उस क्षेत्र से जल निकासी के लिए क्षेत्रीय पार्षद के साथ समन्वय बनाते हुए नाला निर्माण की संभावना तलाश करें। फिलहाल कच्चा नाला बनाया जाए और यदि जलभराव से निजात मिलती है तो बाद में उसे पक्का करा दिया जायेगा ।इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद वीरेन्द्र उपाध्याय भी मौजूद रहे।

इसके बाद नगरायुक्त वार्ड 9 के बासट फुटा रोड स्थित मनोहरपुर चौक नाले पर पहुंचे और वहां स्थापित अस्थायी पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को नाले को अविलंब ऊंचा करने के निर्देश दिए। निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विपुल कुमार ने नगरायुक्त को बताया कि यदि मनोहरपुर चौक से आईटीआई के पीछे तक करीब तीन सौ मीटर नाले का निर्माण कराकर दिल्ली रोड पर निर्माणाधीन नाले से लिंक कर दिया जाए तो उस क्षेत्र की जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। नगरायुक्त ने बताया कि उक्त नाला निर्माण कार्ययोजना को पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत कराकर कार्य कराने का प्रयास किया जायेगा। नगरायुक्त ने नंदपुरी व अमर शहीद स्कूल के पम्पिंग स्टेशनों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा अपर नगरायुक्त एस के तिवारी व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, सहायक अभियंता जलकल राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर एकेडमी का नाम किया रोशन



युरेशिया संवाददाता

सहारनपुर। क्षेत्र के गांव झबीरन फंद्पुरी में चेम्पियन मेकर बॉक्सिंग एकेडमी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया बॉय एंड गर्ल बॉक्सिंग चौम्पियनशिप 2024 में योगी स्पोर्ट्स बॉक्सिंग एकेडमी बड़गांव के सात खिलाड़ियों ने चार गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल जीत कर एकेडमी का नाम रोशन किया। बुधवार को योगी स्पोर्ट्स बॉक्सिंग एकेडमी के कोच अरुण योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि झबीरन फंद्पुरी में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में योगी स्पोर्ट्स बॉक्सिंग एकेडमी बड़गांव के सात खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था जिसके चलते उनके सभी खिलाड़ियों ने अलग अलग चार गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल जीत कर एकेडमी का नाम रोशन किया। जिनमें 36 किग्रा में कान्हा, 38 किग्रा में अभिमन्यु, 50 किग्रा में आयुष व 64 किग्रा में रुद्र ने गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही 29 किग्रा में अनमोल, 42 किग्रा शिवा, 70 किग्रा में विक्रांत ने सिल्वर मेडल जीता। इस दौरान परिजनों ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत कर उत्साह वर्धन किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने कस्बे में 2 प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्रित किये विकास

शर्मा /युरेशिया

नकुड़। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कस्बे में 2 प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्रित किये। खाद्य विभाग की छापामारी से नगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने टीम के साथ मोहल्ला बंजारान लक्कड़ वाली मस्जिद के निकट दो दुकानदारों चांद की बेकरी व असलम की दूध की डेयरी पर छापेमारी की कारवाई करते हुए जांच के लिए नमूने एकत्रित किये। नगर में खाद्य विभाग की के आने खबर आग की तरह फैल गई। जिससे दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। छापेमारी की सूचना पर अधिकतर दुकानो के शटर बंद नजर आये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नकुड़ क्षेत्र में मिलावट खोरों के विरुद्ध छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। मिलावट का धंधा करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीसी रोड के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

### ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की जांच की मांग

भवानी सैनी/ युरेशिया

बेहट। ब्लॉक सढोली कदीम क्षेत्र के गांव हीराखेड़ी के ग्रामीणों ने गांव में बन रही सीसी रोड के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को उपजिलाधिकारी बेहट को दिए गए शिकायती पत्र में गांव हीराहेड़ी के ग्रामीण अनुज सैनी अतर सिंह, योगेश कुमार, अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, नाथीराम, इसम सिंह, चंद्रपाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पथरवा से जो मुख्य रास्ता जाता है, उसे पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके निर्माण में मानकों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की सीसी के दोनों और डाली गई ईंटें पूरी पूरी तरह घटिया दर्जे की है, जो अभी से टूटने भी लगी है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच कर कर कार्रवाई की मांग की है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में की तोड़फोड़, टैबलेट भी किया क्षतिग्रस्त

### विद्यालय स्टाफद्वारा कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दी गई तहरीर

भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट। कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव सलेमपुर गदा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्तियों ने तोडफोड की है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार्यालय में रखा गया टैबलेट भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। विद्यालय के स्टाफद्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में गांव सलेमपुर गदा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टाफउषा सैनी, अनुज कुमार, अशोक कुमार जोशी, मनीष कुमार व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोनिया ने बताया कि बुधवार को जब वह विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के कार्यालय का ताला टूटा हुआ है और अंदर सभी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जब मेज की दराज खोल कर देखी गयी तो उसमे रखा शासन द्वारा दिया गया टैबलेट भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त किया हुआ मिला। इतना ही नही अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक कमरे का छज्जा भी तोड़ा हुआ था। विद्यालय स्टाफद्वारा कोतवाली पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## 12बोर के देशी तमँचे व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को दबोचा

नाथी सहल/युरेशिया




चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे एक अभियुक्त जानी पुत्र वहीद निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा को 12बोर अवैध देशी तमँचे व एक 12बोर के जिन्दा कारतूस के साथ बुड्ढाखेड़ा से ऑरंगजेबपुर रास्ते से गिरफ्तार किया, आवश्यक कार्यवाही के बाद मा0न्यायलय मे पेश किया जायेगा, गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक विनोद कुमार व का0अनुज राणा मौजूद रहा ।

## दो लाख रुपए उधार न देने पर मारपीट

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। भलस्वा ईसापुर निवासी सुभाष पुत्र मामचंद ने गांव के एक व्यक्ति पर दो लाख रुपये उधार मांगने तथा न देने पर गाली गलौज करने व विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार शाम करीब 8 बजे वह अपनी परचून की दुकान पर बैठा था, तभी गांव का एक व्यक्ति दुकान पर आया तथा दो लाख रु उधार मांगने लगा। रुपये उधार देने से जब उसे मना किया तो वह गाली-गलौच करने लगा, जिसका सुभाष ने विरोध किया तो आरोपी ने दुकान में घुसकर मारपीट की। शोर शराबा होने पर ग्रामीणों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

## गांव झबीरन की रहने वाली प्राची चौधरी ने विश्व की रिले चौंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पेरिस में होने वाले ओलंपिक गेम्स में अपनी जगह बनाई

शक्ति चौधरी/युरेशिया



सरसावा। गांव झबीरण की रहने वाली प्राची चौधरी ने विश्व की रिले चौंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पेरिस में होने वाली ओलंपिक गेम्स में अपनी जगह बनाने पर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।प्राची चौधरी ने अमेरिका में आयोजित विश्व की रिले चौंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। वहां प्रतियोगिता में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए इसी वर्ष पेरिस में होने वाले ओलंपिक गेम्स के कोटे में अपना स्थान पक्का कर लिया। उसकी इस उपलब्धि का पता लगते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दोड़ गई और प्राची के परिजनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर खुशियां मनाई। प्राची के पिता ने कहा कि ओलंपिक में जगह बनाने पर देश में ही नहीं पूरे विश्व में मेरा नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा की आज बेटी ने मेरा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है।

## एसडीएम ने खनन जोन में चलाया चेकिंग अभियान

### बिना प्रपत्रों के खनन से भरे एक वाहन को पकड़कर पुलिस को सोपा



भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट(सहारनपुर) डीएम डा. दिनेश चंद्र के निर्देशन में उप जिलाधिकारी दीपक कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी शशि प्रकाश शर्मा ने पुलिस बल को साथ लेकर खनन जोन में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एसडीएम ने बिना प्रपत्रों के खनन से भरे एक वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जिसके खिलाफ संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

उप जिलाधिकारी बेहट दीपक कुमार व सीओ बेहट ने खनन जोन के बरथा कोरसी तथा रायपुर क्षेत्र से खनन भरकर ला रहे ननोली तथा नोशेरा के पास वाहनों को रोककर माइनिंग टैंक, नम्बर प्लेट, रायल्टी आदि चौक किए। चौकिंग के दौरान उन्होनें अवैध रूप से खनन से भरे एक वाहन को हथनी कुंड के पास से पकड़ लिया। पकड़े गए वाहन को सीज कर पुलिस के सपुर्द कर दिए गए है। एसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि पकड़े गए अवैध रूप से खनन से भरे वाहन के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेजी जा रही हैं । उन्होनें कहा किसी भी सूरत में अवैध खनन का परिवहन नही होने दिया जाएगा।

## एक नजर..

### विधवा महिला के घर से नकब लगाकर चोरों ने जेवरात समेत नकदी किया पार



युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा गांव में बीती रात चोरों ने घर  में सेंध लगाकर लाखों रुपये के  जेवरात समेत नगदी पार कर दिया।

कटघर मूसा गांव निवासिनी हसीना खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद नसीर ने बताया कि बीती रात वह अपनी दोनों बच्चियों के साथ खाना पीना खाकर सो रही थी। इसी बीच रात में किसी समय चोरों ने घर की दीवाल में नकब लगाकर कमरे में  घर में घुसकर मझली बिटिया की शादी के लिए रखे गए जेवरात समेत 10000 की नगदी व गुल्लक जिसमे की करीब 7000 रुपये थे। चोरों ने सब साफकर दिया। सुबह होने पर इसकी जानकारी जब हुई तो वह सन्न  रह गई। बताया कि करीब 1 साल पूर्व उनके पति की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। बड़ा बेटा मुंबई में रहकर लेबर का काम करता है पीड़िता का कहना है कि चोरी से उसका लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

एसओ सम्मनपुर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त चोरी की तहरीर मिली है, जांचोपरांत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### दुर्घटना में घायल पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर का हाल-चाल लेने पहुंचे क्षेत्रीय पत्रकार



अजीत सिंह/युरेशिया

अंबेडकरनगर।  जनपद के युवा पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर हिन्दी दैनिक तरुण मित्र के सिटी रिपोर्टर क्राइम रिपोर्टर मोहम्मद रजा हैदर कुछ दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुए थे।  बुधवार को उनके आवास पर सिकंदरपुर रूतमपुर अशरपट्टी गांव में क्षेत्रीय पत्रकार दुर्घटना में घायल पत्रकार सिकंदरपुर मोहम्मद रजा हैदर मोहम्मद का हाल–चाल लेने पहुंचे। और ईश्वर से उनके जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। उनके आवास पर हिन्दुस्तान अखबार से दिलशाद अब्बास, अमर उजाला अखबार से पद्म नाभ मिश्र,ए वी एन न्यूज से अजीत सिंह,दैनिक जागरण अखबार से मनोज सिंह आदि मौजूद रहे । उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने ईश्वर से जल्द से जल्द घायल पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर के ठीक होने के लिए प्रार्थना की।

### बिग ह्यूमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने 25 गरीब लड़कियों को सिलाई मशीन देकर किया सम्मानित



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। खुशाल नगर कॉलोनी में बिग ह्यूमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 25 गरीब लड़कियों को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। बिग ह्यूमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा खोले गये सिलाई सेंटर ब्यूटी पालर का तीन माह का कोर्स पूरा होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंच का संचालन युसूफखान ने किया और बिग ह्यूमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की महिला विन की जिलाध्यक्ष निशा ने अपनी पूरी टीम के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। जिसमें मुख्य अतिथि सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए0क0 खान , युटुबर

मिस्टर शाहनवाज बाबू ने सिलाई सेंटर और मंच का फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में 15 लड़किया सिलाई सेंटर की और 10 लड़कियां ब्यूटी पार्लर की तकरीबन 25 लड़कियों को गोल मैडम सटिफिक्रेट और गिफ्ट के साथ सम्मानित किया गया। जिसमें मिस्टर शाहनवाज बाबू ने प्रथम आई 3 लड़कियों को सिलाई मशीन मेकअप किट देकर उन लड़कियों की हौसला बनाते हुए बिग ह्यूमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी राष्ट्रीय अध्यक्ष ए0क0 खान मेरठ महिला विन की जिलाध्यक्ष निशा समाज सेवक उमा हबीब ने सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान जेनब , सादिया, शादियां, इरम, रुखसार ,उमर हबीब, मास्टर अबरार , मोहम्मद शकील , शियाउद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली बम्बा बाईपास मार्ग पर वाहनों की गति सीमा की गई निर्धारित

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाने की दृष्टि से जनहित में पुलिस अधिनियम 1861 की धारा–31 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं रोहित सिंह सजवाण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मेरठ यह आदेश निर्गत करता हूॅ कि बिजली बम्बा बाईपास मार्ग पर वाहन दुघर्टनाओं को रोकने के उद्देश्य से बिजली बम्बा बाईपास मार्ग पर भारी वाहनों की गतिसीमा 30 कि0मी0 प्रति घंटा तथा चार पहियाध्हल्के वाहनों की गतिसीमा 40 कि0मी0 प्रति घंटा निर्धारित की जाती है। इस आदेशध्अनुज्ञप्ति की शर्तों का अतिक्रमण, अवज्ञा, विरोध करने पर व्यक्ति पुलिस अधिनियम 1861 की धारा–31 के अधीन दंडनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

वैंकटेश्वरा  में तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

# मैं भीतर गया तो 'मै' भी 'तर' गया, यानि खुशी हमारे अन्दर ही है और हम इसे बाहरी दुनिया मे तलाशते हैं, यही तनाव एवं अवसाद के उत्पत्ति का सबसे बड़ा कारण हैं- डा. सुधीर गिरि

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वैंकटेश्वरा संस्थान में 'स्ट्रेस मैनेजमेंट पर 'एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए रेल मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ निदेशक एवं विख्यात 'लाइफ कोच' मनीष प्रताप सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति पाने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 'सुखद जीवन' जीने के सिद्धांतों को समझाया द्य

श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान के डा. सी. वी. रमन सभागार में 'तनाव प्रबंधन' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक श्री मनीष प्रताप सिंह, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप–प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक एवं विख्यात जीवन प्रबन्धन गुरु श्री मनीष प्रताप सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में दो–तिहाई लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी तनाव एवं अवसाद ग्रस्त है, जिसका मूल कारण अपने ऊपर 'कम विश्वास' एवं दूसरों से 'एक्सपेक्टेशन'



(उम्मीद) है। हमने अपनी खुशियाँ दूसरों में तलाशनी शुरू कर दी हैं। जब हमारी दूसरों से की गई उम्मीदें पूरी नही होती है तो हम तनाव एवं अवसाद में चले जाते हैं। उन्होंने सुखद जीवन के लिए 'स्वयं में विश्वास, समय प्रबन्धन जीवन के प्रति सकारात्मक नजरियाँ एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरूरतों के मुताबिक स्वयं को अपग्रेड करने का मूलमन्त्र सिखाया और ध्यान

### प्रत्येक दिन को जीवन का आखिरी दिन मानकर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें, यकीन मानिये जीवन में कभी भी आप तनाव का शिकार नही होंगें- डा. राजीव त्यागी

(मेडिटेशन) को तनावमुक्ति का सबसे बड़ा 'टूल' करार देते हुए सभी से इसको अपनाने की अपील की। राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर आर. एस. शर्मा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, डीन विम्स डा. संजीव भट्ट, डा. मोहित शर्मा, डा. सर्बानंद साहू, डा. आशुतोष सिंह, डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. अश्विन सक्सेना, डा. ओमप्रकाश गुसाई, मारूफचौधरी, डा. नीतू सिंह, डा. मंजरी राणा, मार्केटिंग डायरेक्टर तरुण काम्बोज, आई.टी. हेड. विशाल शर्मा एवं राजीव सिंह, डा. एल.एस. रावत, कैंपस प्रबंधक एस. एस. बघेल अरुण गोस्वामी, शीलभद्र शर्मा, जनसंपर्क विभाग से प्रशांत दहिया एवं श्री राम गुप्ता के साथ मेरठ परिसर से निदेशक डॉक्टर प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रियल विजिट में विद्यार्थियों ने जाना लाइव रिपोर्टिंग के गुर

युरेशिया संवाददाता

मेरठ।स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा नोएडा और नई दिल्ली के कतिपय मीडिया हाउस एवं नाट्य एवं कला संस्थान तथा संवाद समिति का भ्रमण किया गया। इस औद्योगिक विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले नोएडा के फिल्म सिटी में स्थित राष्ट्रीय स्तर के टीवी चौनल न्यूज 24 का भ्रमण किया गया। यहां पर विद्यार्थियों ने समाचार संकलन से लेकर उसके प्रसारण तक की पूरी प्रक्रिया को जीवंत रूप में देखा और समझा। इसी के साथ चौनल की विभिन्न चरणों में होने वाली तकनीकी प्रक्रिया को भी देखा जिसमें प्रोडक्शन कंट्रोल रुम (पीसीआर), मास्टर कंट्रोल रुम (एमसीआर), न्यूज रुम, सैटेलाइट लिंकिंग,चौनल की आर्काइव एवं मास्टर स्टूडियो में लाइव समाचार प्रसारण की प्रक्रिया के साथ साथ वाइस ओवर की बारिकियों को देखा और समझा। छात्रों द्वारा चौनल के विभिन्न प्रभागों के प्रमुखों तथा न्यूज एंकर के साथ वार्ता ककी व उनके कार्यशैली को समझा गया। कुल मिलाकर इस यात्रा के दौरान छात्रों को प्रसारण और मीडिया उद्योग पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। उन्होंने सामग्री निर्माण, प्रसारण प्रौद्योगिकियों



### पत्रकारिता के साथ रंगमंच और कला-संस्कृति का पारस्परिक संबंध समझने को मिला इंडस्ट्रीयल विजिट में

और मीडिया प्रबंधन सहित टेलीविजन स्टूडियो के परिचालन पहलुओं में एक नई अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस दौरान न्यूज 24 के महाप्रबंधक(एकेडमिक्स एवं बिजनेस डेवलेपमेंट) अमित चौहान और अशरफअली (प्रोडक्शन इंचार्ज) उपस्थित रहे। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय(एनएसडी) का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक व प्रसिद्ध कलाकार चितरंजन त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराते हुए इस बात की प्रशंसा की कि वे मेरठ से एनएसडी के भ्रमण के लिए आए। इसी क्रम में छात्रों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) नई दिल्ली का भ्रमण किया जहां संस्थान के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया और संस्कृति एक–दूसरे के पूरक हैं। अतः मीडिया के नवोन्मेषी विद्यार्थियों को कला एवं सांस्कृतिक विरासत को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। इस इंडस्ट्रीयल विजिट के अगले पड़ाव के रूप में छात्रों द्वारा नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित ब्रॉडकास्टिंग हाउस जाकर आकाशवाणी के नई दिल्ली केंद्र के विभिन्न विभागों की क्रियाविधि को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के इस केंद्र में गांधीजी के द्वारा एकमात्र विजिट के दौरान राष्ट्र को जिस माइक्रोफोन से संबोधित किया गया था उसे भी देखा। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के विविध भारती के आरजे द्वय बबीता जैन व संजीव कुमार से रेडियो जॉकी बनने के लिए आवश्यक गुणों की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के डयूटी रूम आफिसर इंतिजार अली सैफी से मुलाकात करके उनके कार्यकलापों की जानकारी भी ली।  इस दौरान आकाशवाणी के केंद्र निदेशक एम एस रावत और उनके सहयोगी देवेंद्र राय ने विद्यार्थियों का पथ–प्रदर्शन किया। इसके बाद छात्रों ने युनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया(यूएनआई) जाकर समाचार एजेंसी की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। एजेंसी के संपादक अजय कौल ने विद्यार्थियों को बताया कि एक सफल पत्रकार बनने के लिए ना केवल आपको किताबों का ज्ञान चाहिए बल्कि आपके पास व्यावहारिक ज्ञान का होना भी जरुरी है, इसके अलावा आपको नियमित रूप से समाचार पत्रों का अध्ययन करना चाहिए जिससे कि विभिन्न समसामयिक विषयों पर आपकी पकड़ बन सके जोकि एक सफल पत्रकार के लिए नितांत आवश्यक है। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) एस.सी.थलेड़ी, राम प्रकाश तिवारी, मधुर शर्मा और शैली शर्मा आदि विभाग के शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट से मिले विद्या ग्लोबल आई बी स्कूल के विद्यार्थी



युरेशिया संवाददाता

मेरठ।शहर के विद्या ग्लोबल स्कूल आई.बी., एम.वाई.पी विंग के विद्यार्थियों ने पूर्व निर्धारित समय पर जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा से भेंट की। विद्यार्थियों ने उनसे अनेक प्रश्न पूछे जैसे–यदि भविष्य में मैं डी. एम. बनना चाहूँ तो मैं अभी से क्या तैयारी कर सकती हूँ ? तथा आप यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को कैसे संचालित करते हैं ? जिला मजिस्ट्रेट ने शांतिपूर्वक सभी की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए एवं उनको प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। अंत में विद्यालय की आई .बी. कोर्डिनेटर मिस तन्द्रा शर्मा ने अपनी टीम के साथ उन्हें एक प्रतीक चिह्न भेंट किया एवम् उनके मूल्यवान समय के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।

### सीडीओ ने की जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण तथा वेटलैंड समिति की बैठक



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समितिध्वेटलैंड के सर्वेक्षण, चिन्हिकरण व राजस्व अभिलेखो में दर्ज किये जानेध् एनजीटी द्वारा ओ0ए0 सं0–13ध्2019 अपशिष्ट प्रबंधन आदि के संबंध में एनजीटी के आदेशो के अनुपालन हेतु जिला पर्यावरण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में सीडीओ द्वारा समस्त विभागों को पौधारोपण हेतु स्थान चिन्हित करने तथा कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कूड़ा निस्तारण व्यवस्था तथा समस्त एसटीपी का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वेटलैंड तथा तालाबों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मेडिकल वेस्ट तथा ई–कचरा के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नाली में गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक समाजिक वानिकी प्रभाग राजेश कुमार, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मेरठ मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं के कारण पीड़ित परेशान : अंकुश चौधरी




### आप जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा मेरठ मेडिकल कॉलेज में अन्य जनपदों से पीड़ित इलाज कराने आते हैं लेकिन बुनियादी सुविधाएं उनको उपलब्ध नहीं होती

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आम आदमी पार्टी मेरठ के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ मेडिकल कॉलेज में हो रही है अनियमितता को लेकर प्राचार्य आरसी गुप्ता से मुलाकात की। अंकुश चौधरी ने मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े किए, भीषण गर्मी के दौरान लोग ओपीडी की लाइन में लगते हैं घंटों लाइन में लगने के बाद भी नंबर आना दूभर है।  एक तो व्यक्ति बीमारी से पीड़ित दूसरी तरफइतनी लंबी लाइन और अव्यवस्थाओं के कारण उसको परेशानी झेलनी पड़ती है मेडिकल कॉलेज में सिर्फमेरठ से ही नहीं अन्य जनपदों से लोग इलाज कराने आते हैं उनको बड़ी उम्मीद होती है यहां पर अच्छा इलाज मिलेगा। लेकिन यहां पर इलाज के नाम पर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है दवाइयां नहीं मिलती हैं और इसके उलट सफेद पर्चे पर लिखकर उनको बाहर से दवाइयां लाने को मजबूर किया जाता है पूरे मेडिकल परिसर के अंदर प्राइवेट अस्पतालों के दलाल कुकुरमुत्ते की तरह घूमते हैं। और उनको प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराते हैं गरीब गुरबा इंसानों को सरकारी अस्पताल में इलाज मिलता नहीं और प्राइवेट में वह इलाज करा नहीं सकता दोहरी मार उस पीड़ित पर पड़ती है। मेडिकल में टेस्ट के नाम पर लंबी तारीख उनको मिलती है सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन आए दिन खराब हो जाती हैं ,पीड़ितों के साथ घोर अन्याय और ज्यादती की जा रही है डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया गया। लेकिन गरीब असहाय पीड़ित लोगों का मेडिकल कॉलेज में आकर शोषण हो रहा है पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था राम भरोसे चल रही हैं। एक तरफसरकार और आप लोग बड़े–बड़े दावे करते हैं लेकिन तमाम प्रमुख समाचार पत्र आपके दावों की पोल खोलते आए दिन नजर आते हैं मेरठ मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है ओपीडी के काउंटर बढ़ाकर मरीजों को सहूलियत दी जाए बाहर से दवाई ना लिखी जाए मरीजों की समुचित जांच जल्द से जल्द कराई जाए। और प्राइवेट अस्पतालों के एजेंट जो वार्डों में घूमते हैं उनपर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के साथ मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी, जिला महासचिव जीएस राजवंशी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, जिला कोषाध्यक्ष रियाजउद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग कपिल शर्मा, जिला सचिव नीलम शर्मा, जिला सचिव वीके मालिक, कैन्ट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य आनन्द दुआ, जिला कार्यकारिणी सदस्य फलक चौहान, जिला कार्यकारिणी सदस्य वसीम सलमानी, महानगर उपाध्यक्ष अशफाक, महानगर उपाध्यक्ष राहुल खटिक, महानगर सचिव अंसारी, कैन्ट विधानसभा महासचिव विनय, बंटी जाटव, अजय आदि मौजूद रहे।

### ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इस्माईल नेशनल महिला पी जी कॉलेज के कंप्यूटर लैब एवं नवज्योति इंडिया फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पी जी कॉलेज के कंप्यूटर लैब एवं नवज्योति इंडिया फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 55 घंटे का एड–ऑन कोर्स विषय डाटा स्किल प्रोग्राम का समापन सर्टिफिकेट वितरण के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी जी के अध्यक्षता में किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नीतू शर्मा रही जो ज्योति फाउंडेशन की डायरेक्टर है।इस कोर्स में छात्राओं को डाटा स्केल से संबंधित एक्सेल पी.पी.टी. बनाना सिखाया गया जिसका उद्देश्य छात्राओं में करियर रेडीनेस को बढ़ावा देना था, जिसके माध्यम से उन्हें रोजगार के अधिक से अधिक से अवसर उपलब्ध कराए जा सके। आज के समापन समारोह में 180 छात्राओं को सर्टिफिकेट दिए गए।



नवज्योति फाऊंडेशन विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट में भी सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में नवज्योति फाऊंडेशन से श्री गुरनाम सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर,सोनी जैन मनोवैज्ञानिक एवं पार्टनर,मिस रागिनी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर और मिस्टर संतोष कुमार कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे। एड–ऑन कोर्स का संयोजन डॉक्टर स्वर्णा कंप्यूटर लैब इंचार्ज के निर्देशन में मिस इरम जहां द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रोफेसर दीप्ति कौशिक प्रोफेसर, दीपा त्यागी, डॉ ममता, डॉ विनीता, डॉ एकता डॉ निखत उपस्थित रहे। श्रीमती निशा गुप्ता डॉ मणि भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक: संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोन: 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)